## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 26.12.2025** **समय : 1905**

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज वीर बाल दिवस के अवसर पर बीस बच्चों को उनकी उत्कृश्ट उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए।**
2. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीर बाल दिवस पर राष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश आज साहिबजादों के अनुकरणीय साहस और बलिदान को याद कर रहा है।**
3. **द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि कल और अट्ठाईस दिसम्बर को सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।**
4. **द्वीप पर्यटन उत्सव दो हजार पच्चीस कल से शुरू हो रहा है।**

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए। इस वर्ष अट्ठारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीस बच्चों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि ये पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को प्रोत्साहित करेंगे और देश भर के बच्चों को प्रेरित करेंगे। पुरस्कार विजेता बच्चों ने वीरता, कला और संस्कृति, पर्यावरण, नवाचार और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह दिन हर साल श्री गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की याद में मनाया जाता है। राष्ट्रपति ने कहा कि जब किसी देश के बच्चे देशभक्ति और उच्च आदर्शों वाले होते हैं, तो उस राष्ट्र की मानवता सुनिश्चित होती है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश आज साहिबजादों के अनुकरणीय साहस और बलिदान को याद कर रहा है, जो देश का गौरव हैं। उन्होंने कहा कि पिछले चार साल में वीर बाल दिवस ने साहिबजादों की प्रेरणाओं और बलिदानों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाया है। आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस पर राष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ये बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि साहिबजादे भारत की अदम्य साहस और वीरता के सर्वोच्च आदर्शों की मिसाल हैं। श्री मोदी ने कहा कि साहिबजादों ने उम्र की सीमाओं को तोड़कर क्रूर मुगलों के सामने चट्टान की तरह खड़े रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि माता गुजरी जी, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और चारों साहिबजादों की हिम्मत और आदर्श हर भारतीय को ताकत देते रहते हैं।

इस अवसर पर श्री मोदी ने राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के बीस विजेताओं से बातचीत की।

<><><><><><><>

कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी योजना के अंतर्गत वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य किए जाएंगे। डीडी न्यूज से बातचीत में श्री चौहान ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार के लिए वैधानिक मजदूरी रोजगार गारंटी एक सौ दिन से बढ़ाकर एक सौ पच्चीस दिन कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आवेदन के पन्द्रह दिन के भीतर काम न मिलने पर अनिवार्य बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। श्री चौहान ने कहा कि मजदूरी, सामग्री और प्रशासनिक घटकों पर कुल अनुमानित वार्षिक निधि की आवश्यकता एक लाख इक्यावन हजार करोड़ रुपये से अधिक है। इसमें केंद्र सरकार का हिस्सा पचानब्बे हजार करोड़ रुपये से अधिक है।

<><><><><><><>

द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि तेईस दिसंबर को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावे और आपत्तियां दर्ज करने में मतदाताओं के सुविधा के लिए कल और अट्ठाईस दिसम्बर तथा जनवरी माह में दस और ग्यारह तारीख को सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। दावे और आपत्तियां बाईस जनवरी तक दर्ज किए जा सकते हैं। इन दिनों बूथ स्तर के अधिकारी अपने—अपने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध रहेंगे। इन शिविरों के दौरान नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम सत्यापित कर सकते हैं। इसके अलावा अट्ठारह वर्ष से अधिक आयु के सभी भावी मतदाता या वे मतदाता, जिनके नाम सूची में शामिल नहीं है, वे फॉर्म—छः और घोषणा पत्र भरकर आवेदन कर सकते हैं। नाम हटाने के लिए फॉर्म—सात और सूची में सुधार या स्थानांतरण के लिए फॉर्म—आठ का उपयोग कर सकते हैं। प्रारूप मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट ceoandaman.nic.in और चुनाव आयोग के पोर्टल voters.eci.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी सहायता के लिए मतदाता अपने संबंधित BLO से संपर्क कर सकते हैं या मतदाता हेल्पलाइन नंबर एक नौ पांच शून्य पर कॉल कर सकते हैं। सभी आवश्यक फॉर्म BLO के पास उपलब्ध है।

<><><><><><><>

बहुप्रतीक्षित द्वीप पर्यटन उत्सव दो हजार पच्चीस कल से शुरू हो रहा है। इस अवसर पर द्वीपवासियों और पर्यटकों के मनोरंजन के लिए प्रदर्शनी मैदान में मुख्य समारोह आयोजित होगा। इसके अलावा द्वीपों के तीनों जिलों के निर्धारित स्थानों पर भी मुख्यभूमि और द्वीपसमूह के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। उत्सव के दौरान खान–पान के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर द्वीपसमूह में चल रहे विकासीय गतिविधियों को प्रदर्शित किया जाएगा। उत्सव के एक भाग के रूप में अट्ठाईस दिसम्बर को पशुपालन और पशुचिकित्सा विभाग की ओर से पेट्ट शो, उनतीस दिसम्बर को कृषि विभाग की ओर से प्रदर्शनी मैदान में पुष्प प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें ताजे फूलों, सूखे फूलों की सजावट, गुलदस्ता, माला बनाना और रंगोली बनाने की प्रतियोगिता शामिल हैं। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा तीस दिसम्बर को स्वस्थ बेबी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। द्वीप पर्यटन महोत्सव का मुख्य आकर्षण राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित हास्य कवि सम्मेलन है। उत्सव के दौरान शास्त्रीय, लोक और जनजातीय कला के विभिन्न रूपों का प्रदर्शन किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीप पर्यटन महोत्सव के हिस्से के रूप में, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और केंद्र शासित प्रदेश स्वास्थ्य मिशन की ओर से 'स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता तीस दिसंबर को सुबह नौ बजे से प्रदर्शनी मैदान में आयोजित होगा। इसमें छः महीने से पांच वर्ष आयु वर्ग के बच्चे विभिन्न श्रेणियों में भाग ले सकते हैं। पंजीकरण सुबह नौ बजे से दस बजे तक चलेगा। मूल्यांकन सुबह दस बजे से आरंभ होगा। प्रमाण पत्रों का वितरण उसी दिन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अभिभावकों से बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, माता का ANC कार्ड या MCP कार्ड और बच्चे का टीकाकरण कार्ड लाने को कहा गया है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण के महत्व पर जोर देना है।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए डिप्लोमा कार्यक्रम में अतिथि प्रवक्ताओं की भर्ती की जाएगी। साक्षात्कार सात जनवरी को संस्थान में लिया जाएगा। शैक्षणिक योग्यता, साक्षात्कार की समय–सारणी और डेमो के विषयों की जानकारी संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। पात्र उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय अपने दस्तावेजों की प्रतिलिपि जमा करनी होगी। उम्मीदवारों को सत्यापन के लिए अपने मूल दस्तावेज साथ लाने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार रोइंग एसोसिएशन की ओर से महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित होने वाली "तैंतालीसवीं सीनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप" के लिए द्वीप समूह की टीम के चयन के लिए कल ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। चयन ट्रायल सिप्पीघाट स्थित जल क्रीड़ा परिसर में सुबह छः बजे से लिया जाएगा। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता पच्चीस से तीस जनवरी तक पुणे में आयोजित की जाएगी। इसका आयोजन 'रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया' की ओर से आर्मी रोइंग नोड, पुणे द्वारा किया जा रहा है।

<><><><><><><>